बी सी एम स्कूल बसंत एवेन्यू   दुगरी लुधियाना

कक्षा-पाँचवी   विषय हिंदी

कार्य पत्रिका   2

Answer key

पाठ- 4,5 विराम चिह्न, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विलोम शब्द

प्रश्न 1निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मैं भारत देश का रहने वाला हूँ। मेरे देश का विश्व में अभिन्न स्थान है। मेरे देश की महिमा निराली है। इसके उत्तर में बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियां है और दक्षिण में विशाल हिंद महासागर है। इसमें अनेक नदियां प्रेम पूर्वक बहती हैं। इनमें गंगा, यमुना, नर्मदा ,कृष्णा,कावेरी व ब्रह्मपुत्र अपना विशेष स्थान रखती हैं। भारत देश में कहीं रेतीले प्रदेश हैं तो कहीं पहाड़ी और कहीं समतल धरती है। राम,कृष्ण ,महावीर ,गौतम बुद्ध ,गुरु नानक देव जी, मदर टेरेसा आदि महान लोगों की स्थल भी भारत ही है। छः ऋतुएं -हेमंत ,वर्षा ,वसंत ,शिशिर, शरद पतझड़ का आगमन भी यहां होता है। हमें अपने देश पर सदा गर्व करना चाहिए।

1.प्रश्न-भारत में बहने वाली प्रमुख नदियां कौन सी है?

उत्तर-गंगा ,यमुना, नर्मदा, कृष्णा ,कावेरी और ब्रह्मपुत्र

2.प्रश्न-भारत के महापुरुषों के नाम बताइए।

उत्तर-राम,कृष्ण, महावीर, गौतम बुद्ध गुरु नानक देव जी और मदर टेरेसा

3.प्रश्न-भारत की 6 विभिन्न ऋतुओं के नाम बताइए।

उत्तर-हेमंत ,वर्षा ,बसंत , शिशिर, शरद ,पतझड़

4.रिक्त स्थान भरिए।

मेरे देश का विश्व में अभिन्न स्थान है।

5. रेफ (र) वाले दो शब्द लिखो-

1. गर्व 2. बर्फ

प्रश्न -2-खाली स्थान भरो-

1. कुत्ते का जीवन-काल चौदह वर्ष होता है।

2. कविता श्रेय में पेड़ की प्रशंसा की गई।

प्रश्न-3 पर्यायवाची शब्द-

1. पानी-जल- नीर

2-पेड़-वृक्ष- तरु

प्रश्न-4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

प्रश्न-1 नीलू की माँ का नाम बताइए?

उत्तर -लूसी

प्रश्न-2 महादेवी वर्मा नीलू को अपने साथ कहाँ ले आईं?

उत्तर-प्रयाग

प्रश्न-3 कविता श्रेय के कवि का नाम लिखो?

उत्तर-अज्ञेय

प्रश्न-4 पेड़ ने अपना सारा श्रेय किसे दिया?

उत्तर-पैरों तले मिट्टी को

प्रश्न-5-निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिन्ह लगाओ-

1. माँ ने रसगुल्ले, जलेबी और हलवा बनाया।

2. शाबाश! तुमने बहुत अच्छा किया।

प्रश्न-6-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द-

1. जो छोटा भाई हो-अनुज

2. जो आवश्यक हो-अनिवार्य

3. देखने वाला-दर्शक

प्रश्न-7- विलोम शब्द -

1. चतुर-मूर्ख

2. हार-जीत

3. आशा-निराशा